ट्रेलर को जप्त किया

कोटपूतली। कोटपूतली-हरियाणा रोड़ पर निकटवर्ती ग्राम ग्राम पनियाला में अवैध खनन और निर्माण सामग्री की रोकथाम के लिये खान एवं भू-विज्ञान विभाग की टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्यवाही की है। जहाँ एक ट्रेलर को खनिज आयरन अवैध निर्माण कार्य के लिये ले जाते समय पकड़ा गया। सहायक खनिज अभियंता खान एवं भू-विज्ञान विभाग कोटपूतली की टीम ने आकस्मिक कार्यवाही करते हुये ट्रेलर को जप्त कर पुलिस थाना पनियाला की सुपुर्दगी में दे दिया है। इस कार्यवाही से अवैध खननकर्ताओं में हडक़ंप मच गया है।

पालिका के कियोस्क तोड़े जाने से कुण्ठित लोगो ने ए.डी.एम. से लगाई गुहार

मालपुरा। मालपुरा शहरी क्षैत्र मे नवीन बस स्टेण्ड निर्माण के लिये बीते दिनो नगरपालिका प्रशासन द्वारा व्यास सर्किल के पास बने तीन दर्जन कियोस्क तोडे जाने से कुण्ठित लोगो ने मंगलवार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप लगाई गुहार।

सौपे गये ज्ञापन मे अवगत करवाया कि वर्ष 2003-2004 मे मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत व्यास सर्किल के पास तीन दर्जन कियोस्क का निर्माण करवा पालिका द्वारा बेरोजगार लोगो को रोजगार का अवसर दिया गया था। इन कियोस्को मे वो लोग रोजगार कर परिवार का पालन-पोषण कर रहै थे। बीते दिनो नगरपलिका प्रशासन ने बिना पूर्व सूचना व नोटिस दिय बगैर ही आनन-फानन मे सरकारी कियोस्क तोड दिये। कुण्ठित लोगो ने नवीन बस स्टेण्ड निर्माण के दौरान कियोस्क बना पुनः आवंटित करने की गुहार लगाई। एडीएम विनोद कुमार मीणा ने लोगो की भावनाओं के अनुरूप कार्य करने का विश्वास दिलाया। तो वही शहर के दर्जनो लोगो ने दबी जुबान मे प्रशासन के निर्णय को उचित कदम बताते हुये जल्द नवीन बस स्टेण्ड शुरू करवाने की मांग की गई।

कियोस्क तोडे जाने से कुण्ठित लोगो ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

- **सौपे गये ज्ञापन मे अवगत करवाया कि वर्ष 2003-2004 मे मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत व्यास सर्किल के पास तीन दर्जन कियोस्क का निर्माण करवा पालिका द्वारा बेरोजगार लोगो को रोजगार का अवसर दिया गया था**

साथ ही लोगो का कहना था कि जिन लोगो को कियोस्क आवंटित किये गये थे वो लोग आज तक उस कियोस्क मे कोई रोजगार नही कर रहै है। बल्कि अपनी पहचान का लाभ लेते हुये आवंटित कियोस्क अन्य लोगो को मासिक किराये पर दे मोटा मुनाफा कमा रहै थे। वैसे तो पालिका ने नियम संगत इन कियोस्को का निर्माण दस वर्ष की अल्प समयावधि के लिये करवा कियोस्को का आवंटन किया गया था। जिनका समय पूर्ण होने तथा नवीन बस स्टेण्ड निर्माण के लिये सरकारी भूमि को खाली करवाने के लिये यह कियोस्क तुडवाये गये थे।

श्री गणेशपुरी धाम विकास समिति का गठन

चाकसू। चाकसू स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ श्री गणेश पुरी धाम के समुचित विकास के लिए बाबा के सेवकों की एक बैठक महंत राजेंद्र पुरी महाराज की अध्यक्षता में आयोजित की गई। श्री गणेशपुरी धाम विकास समिति महामंत्री पद पर रविंद्र सिंह तोमर, राजेंद्र गोस्वामी, गुड्डू जांगिड, गिरिराज मीणा को मंत्री, अंबालाल यादव को कोषाध्यक्ष एवं लालचंद सैन को प्रचार प्रसार मंत्री का दायित्व दिया गया है। उपाध्यक्ष पद का दायित्व विनोद राजोरिया,बलराम शर्मा, मोतीलाल शर्मा, कालूराम गुर्जर को तथा संरक्षक पद पर महंत राजेंद्र पुरी महाराज, राजेंद्र मामोडिया ओम गोस्वामी, नंदलाल मामोडिया एवं रामजीलाल शर्मा को बनाया गया है। रामबाबू मेठी सह कोषाध्यक्ष एवं गोपाललाल गोस्वामी को सहप्रभारी मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। इनके अलावा 14 लोगों को सहयोगी सदस्य बनाया गया है। इनमें शंकरलाल गुप्ता,कालूजी सैनी,मुकेश खींची, बाबूलाल यादव, राधेश्याम शर्मा, प्रहलाद भगत, गिरिराज बूसर, रामावतार मामोडिया,राधाकिशन जाट, रामप्रसाद गुर्जर, हनुमान गिरी, चम्पेश्वर शर्मा एवं लक्ष्मीनारायण पुरी गोस्वामी प्रमुख हैं।

कलेक्ट्रेट परिसर को बम से उड़ाये जाने की धमकी मिलने से अफरा-तफरी मची

दौसा। जिला एवं पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों में मंगलवार को ई-मेल के जरीये कलेक्ट्रेट परिसर को बम से उड़ाये जाने की धमकी मिलने के साथ ही अफरा-तफरी मच गई तथा पुलिस प्रशासन ने आनन-फानन में तत्काल कार्यवाही करते हुये पूरा कलेक्ट्रेट एवं जिला पुलिस कार्यालय को खाली कराया तथा जांच की गई। उधर कलेक्ट्रेट को बम से उडाने की धमकी जिला कलेक्टर को ई-मेल के जरिये मिली थी, इसकी सूचना जिला कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक सागर राणा सहित डॉग स्कायर्ड एवं डिस्पोटल स्कायर्ड टीम को दी। वही दूसरी ओर जिला कलेक्टरे देवेन्द्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक सागर राणा को ई-मेल से धमकी देने वाले के खिलाफ कार्रवाही के निर्देश दिये है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्रातः 6 बजे जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार को एक ई-मेल भेजा गया, जिसमें साढे 3 बजे कलेक्ट्रेट परिसर को बम से उड़ाये जाने की धमकी दी गई थी। प्रातः 9:30 बजे जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार ई-मेल चैक कर रहे थे, उन्होने जैसे की धमकी भरा ई-मेल देखा तो तत्काल पुलिस अधीक्षक सागर राणा को इसकी जानकारी दी। इधर ई-मेल की जानकारी कलेक्ट्रेट में कार्यरत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी मिल गई, जिसके चलते अधिकारी एवं कर्मचारियों में हडकम्प मच गया।

- **पुलिस प्रशासन ने आनन-फानन में तत्काल कार्यवाही करते हुये पूरा कलेक्ट्रेट एवं जिला पुलिस कार्यालय को खाली कराया तथा जांच की**

बताया जाता है कि शुरुआती दौर में अधिकारी एवं कर्मचारी इसे मॉक ड्रिल समझ रहे थे, लेकिन जैसे की पुलिस प्रशासन हरकत में आया उसके साथ ही कलेक्ट्रेट परिसर में भगदड मच गई तथा अधिकारी एवं कर्मचारियो में दहशत फैल गई। पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देश पर सीटी सीओ रवि प्रकाश शर्मा ने तत्काल कलेक्ट्रेट एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय को खाली कराया तथा परिसर को पूरी तरह से सील कर दिया। वही दूसरी ओर जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक सागर राणा ने तत्काल इसकी सूचना डॉग स्कायर्ड एवं बम डिस्पोजल स्कायर्ड टीम को दी। सूचना मिलने के साथ ही तकरीबन साढ़े 3 बजे टीम कलेक्ट्रेट पहुंची तथा पूरे परिसर की गहनता से जांच के बाद जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार को परिसर में बम नही होने का प्रमाण पत्र दिया। इधर प्रमाण पत्र मिलने के साथ ही जिला एवं पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियो ने राहत की सास ली।

जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार ने बताया कि प्रातः 6 बजे अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेल की थी, साढे 9 बजे मेल चैक करते समय कलेक्ट्रेट परिसर को साढे 3 बजे बम से उडाने की धमकी भरा मैसेज देखा तत्काल पुलिस अधीक्षक सागर राणा को इसकी जानकारी दी। कलेक्ट्रेट एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय को खाली कराया तथा गहनता से जांच की गई, प्रारंभिक जांच में कुछ नही मिलने पर भी डिस्पोजल स्कायर्ड एवं डॉग स्कायर्ड टीम को मौके पर बुलाया गया। टीम के दौसा पहुंचने पर पुनः गहनता से जांच की गई, जांच के बाद टीम प्रमाण पत्र देकर गई है।

टॉपर विद्यार्थियों का किया सम्मान

श्रीमाधोपुर। महात्मा गांधी इंटरनेशनल सीबीएसई स्कूल श्रीमाधोपुर में 10 वीं एवं 12 वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। को- ऑर्डिनेटर अक्षय सैनी ने बताया कि मंगलवार को विद्यालय परिसर में निदेशक मोहर सिंह खर्रा व स्कूल प्राचार्य मनीष कुमार उप प्राचार्य व कॉलेज प्राचार्य डॉ. वी के सैनी व सचिव गीता खर्रा के द्वारा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मान किया एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया, निदेशक मोहर सिंह खर्रा ने सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी । 12 वीं के परीक्षा परिणाम में कोमल चौधरी ने 96.20 प्रतिशत, रिंशु अग्रवाल ने 93 प्रतिशत, शीतल चौधरी ने 92 प्रतिशत, हर्षिता ने 90.20 प्रतिशत वहीं दशवी के परिणाम में अनुष्का चौधरी ने 90 प्रतिशत, दिव्या कुमावत ने 90 प्रतिशत, अंजू सैनी ने 90 प्रतिशत, अंक प्राप्त किये। विद्यार्थियों की इस सफलता पर स्कूल स्टाफ व अभिभावकों ने मिठाई बांटकर व अच्छे परिणाम के उपलक्ष में मुख्य बाजारों से जुलूस निकालकर खुशी मनाई।

बिजली ट्रांसफार्मर से तांबा और तेल चुराने वाले तीन शातिर गिरफ्तार

चाकसू। क्षेत्र की कोटखावदा थाना पुलिस ने बिजली ट्रांसफारमर से वायर और तेल चोरी करने वाले बावरिया गैंग के तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई प्रोडक्शन वारंट पर की। यह गैंग फरवरी 2025 में कोटखावदा क्षेत्र के राड़ोली गांव में बिजली ट्रांसफारमर से वायर और तेल चोरी करने की वारदात में शामिल था।फरियादी मयंक शर्मा, जो कि विद्युत विभाग में सहायक अभियंता हैं, ने 20 फरवरी 2025 को थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि गांव राड़ोली में ट्रांसफारमर से वायर और तेल चोरी कर लिया गया। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी।कोटखावदा थाना प्रभारी भरत महर के नेतृत्व में गठित टीम ने जांच के दौरान बावरिया गैंग के तीन सदस्यों को चाकसू थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने न केवल राड़ोली गांव में चोरी करना स्वीकार किया, बल्कि यह भी कबूल किया कि उन्होंने कोटखावदा और आसपास के इलाकों में भी कई जगह ट्रांसफारमर से वायर और तेल की चोरी की है।गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम हैं - राजेंद्र बावरिया उर्फ अन्ना, सिंदास सिंह और सरदार उर्फ जंगू। तीनों आरोपी मूल रूप से टोंक जिले के रहने वाले हैं लेकिन वर्तमान में जयपुर के अलग-अलग इलाकों में डेरा जमाए हुए थे। पुलिस ने इन्हें न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया है और आगे की पूछताछ की जा रही है।कोटखावदा थाना पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में हो रही ट्रांसफारमर चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगने की उम्मीद है।

- **तेल चोरी करने वाले बावरिया गैंग के तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई प्रोडक्शन वारंट पर की**

हीटवेव से आमजन का जीवन अस्त - व्यस्त

पावटा। तन को झुलसा देने और गले को सुखाने वाली गर्मी के दौर में दिन-रात दोनों तपने लगे हैं। ऐसे में गर्मी और हीट वेव आमजन को और ज्यादा परेशान कर सकती हैं। वहीं 25 मई से शुरू होने वाले नौपता के कारण आमजन के हालात और अधिक विकट हो जाएंगे। हीटवेव से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है।

भीषण गर्मी की वजह से सड़कों व बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है। 25 मई से गर्मी के तेवर और तीखे होने के आसार है। 25 मई से नौपता शुरू हो गया है। इन 9 दिनों की अवधि में सूर्य और पृथ्वी के बीच की दूरी काफी कम हो जाएगी। इस कारण सूर्यदेव की तपिश काफी ज्यादा महसूस होगी।

इस दौरान गर्मी अपने चरम पर होगी। नौतपा 25 मई से लेकर 2 जून तक रहेगा। ऐसे में इन दिनों में आसमान से आग बरसेगी। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों में हीटवेव के बचाव के पुख्ता इंतजाम किए गए है। उपजिला अस्पताल पावटा अधीक्षक डॉ. रवि बंसल ने आमजन से अपील की है कि बिना वजह धूप में न निकले, बहुत अधिक भीड़ व घुटन वाली जगह पर जाने से बचे साथ ही उन्होंने कहा कि गर्मी में अधिक पानी, पेय पदार्थ निम्बू पानी, नारियल, ज्यूस का अधिक सेवन करना चाहिए जिससे डिहाइड्रेशन नहीं हो।नौतपा की अवधि में किसी भी स्थिति में बिना कुछ खाए पिए घर से न निकलें। खुले शरीर बाहर न निकलें, टोपी पहने, कानों को ढंककर रखें और आंखों पर धूप का चश्मा अवश्य लगाएं। ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं प्याज खाएं और साथ में भी रखें मौसमी फल, फलों का रस, दही, जीरा छाछ, जलजीरा, लस्सी और आम का पना पिएं। नरम,मुलायम, सूती कपड़े पहनें जिससे हवा और कपड़े शरीर के पसीने को सोखते रहे। इसके अतिरिक्त समय-समय पर आवश्यकता के अनुसार ग्लुकोज का सेवन करते रहें और अपनी ऊर्जा का उपयोग अनावश्यक न करें।

- **25 मई से नौतपा बरतें सावधानी, स्वास्थ्य विभाग ने की अपील**

आरोपी गिरफ्तार : थाना प्रभारी घासीलाल मीणा ने बताया कि 16 मई की रात करीब पौने 9 बजे गोपाली गांव के रहने वाले एहसान और शकील बाइक पर सवार होकर पाडल्या चारण की पुलिया के पास से गुजर रहे थे, इस दौरान चार बदमाशों ने इनसे मारपीट की तथा शकील का मोबाइल और एहसान की जेब से 500 रुपए निकाल लिए।

पट्टे नहीं मिलने से नाराज लोगों ने नगर निगम के समक्ष प्रदर्शन कर आयुक्त को ज्ञापन दिया

भरतपुर। भरतपुर शहर के कच्चे डण्डे के पट्टों की पत्रावलियो के सहायक नगर नियोजक (ए.टी.पी.) द्वारा लम्बे समय से नक्षे नहीं बनाये जाने के विरोध में संघर्ष समिति के संयोजक जगराम धाकड़ के नेतृत्व में सैंकड़ों महिला एवं पुरूषों ने नगर निगम कार्यालय पहुँचकर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध नारेबाजी कर विरोध प्रदर्षन किया और एक ज्ञापन नगर निगम आयुक्त भरतपुर को देकर मांग की गई कि लापरवाह अधिकारी के खिलाफ अनुषासनात्मक कार्यवाही कर षीघ्रातिशीघ्र पट्टे की पत्रावलियों के नक्षा बनवाकर पट्टे देने की प्रक्रिया को चालू किया जाये।

विरोध प्रदर्षन में कच्चे डण्डे के सैंकड़ों महिला एवं पुरूषों ने भाग लेकर ए.टी.पी. के विरूद्ध जबरदस्त नारेबाजी की तथा संघर्ष समिति की ओर से आयुक्त नगर निगम भरतपुर को दिये गये ज्ञापन में अवगत कराया कि राजस्थान सरकार व नगर प्रषासन कच्चे डण्डे वालों को पट्टे तो देना चाहते हैं, पर जिसके परिणामस्वरूप निगम स्तर पर लगभग 150 पट्टे तैयार भी किये जा चुके हैं, लेकिन निगम में कार्यरत सहायक नगर नियोजक (ए.टी.पी.) द्वारा सैंकड़ों की तादाद में पेंडिंग पड़ी पत्रावलियों के नक्षे तैयार नहीं किये जा रहे हैं, जिसके चलते कच्चे डण्डे पर रहने वाले सैंकड़ों गरीब मजदूर तबके के लोगों को दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही हैं। ज्ञापन में सहायक नगर नियोजक (ए.टी.पी.) की कार्यषैली को लेकर कच्चे डण्डे पर निवास करने वाले लोगों में गहरा रोष व्याप्त है, जिसके चलते ऐसे अधिकारी के साथ अनुषासनात्मक कार्यवाही की जावे। दिये गये ज्ञापन में संघर्ष समिति ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि आगामी सात दिवसों में पेंडिंग पत्रावलियों के नक्षे नहीं बनाये गये तो संघर्ष समिति के द्वारा जिला कलैक्ट्रेट के सामने धरना देकर आक्रोष व विरोध प्रकट किया जायेगा। आयुक्त श्रवण कुमार विष्नोई ने प्रतिनिधि मण्डल से ज्ञापन लेने के उपरान्त आष्वासन दिया कि आगामी शुक्रवार तक सभी पेंडिंग पत्रावलियों के नक्षे बनवाकर तैयार पत्रावलियों के पट्टों का वितरण कर दिया जायेगा। नक्षे बनाने में देरी न हो, इस पर शीघ्र कार्यवाही की जायेगी।

सैंकड़ों महिला एवं पुरूषों ने नगर निगम कार्यालय पहुँचकर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध नारेबाजी कर विरोध प्रदर्षन किया।

- **भरतपुर में पट्टे नहीं मिलने से नाराज लोगों ने किया प्रदर्शन, नगर निगम आयुक्त ने दिया आश्वासन, 8 दिन बाद कलेक्ट्रेट के सामने धरने की चेतावनी**

प्रदर्शन में पूर्व नेता प्रतिपक्ष इन्द्रजीत भारद्धाज, श्रीराम चन्देला, डा. मुकेष भारतीय, नरेष शर्मा, शागमल वर्मा, ओमप्रकाष मिश्रा, मिश्रीलाल, दीपक सिंह जघीना गेट, मानसिंह सागर, श्रीपथ शर्मा, जगदीष खण्डेलवाल, दीना पंडित, मानसिंह गुर्जर, अषोक कुमार कर्दम, कृष्ण कष्यप, बालकृष्ण कष्यप, श्यामो देवी, रामवती, प्रेमवती, यषोदा, गीता, माया देवी, नसीर खां, वसीर खां आदि सैंकड़ों महिला एवं पुरूषों ने भाग लिया।

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय
राजस्थान आवासन मंडल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
क्रमांक: DHC-II/282 **जाहिर आम सूचना** दिनांक: 20.05.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 1/6, मानसरोवर, जयपुर क्षेत्रफल 200.00 वर्ग मीटर/वर्गगज का आवंटन श्री जगदीश किशोर शर्मा पुत्र श्री कान्ति लाल शर्मा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 51 दिनांक 19.01.1987 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 04.07.1987 को प्राप्त कर लिया गया था। राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 3856 दिनांक 18.03.1991 के द्वारा श्री जगदीश किशोर शर्मा पुत्र श्री कान्ति लाल शर्मा के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन पत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 27.06.1992 को करवा लिया गया। इसके पश्चात श्री जगदीश किशोर शर्मा की मृत्यु दिनांक 29.04.2019 को हो जाने के कारण इनकी पुत्री श्रीमती रीमा नावला पत्नी श्री शरत चन्द नावला ने मृत्यु पश्चात् नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्रीमती रीमा नावला पत्नी श्री शरत चन्द नावला के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।

सम्पदा प्रबंधक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

खोया पाया

सलमान खान पुत्र कमालुद्दीन से खरीदे गये भूखण्ड की चेन डिटेल जो मुन्नी बेगम पत्नी इन्दू खॉ, मोहम्मद शफिक पुत्र खलील, शबनम पुत्री अहमद मियाँ फिरोज पुत्र हाजी अनवर के कागजात कहीं खो गये है मिलने पर सूचित करें नसरीन पत्नी मोहम्मद अशफाक 9413765046

मेरे प्लॉट नं.349 श्री करणी उमा विहार-ई, कालवाड रोड, गोकुलपुरा, जयपुर (महाराणा प्रताप गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर) के मूल पट्टा, साइट प्लान रसीद खो गई मिलने पर सूचित करें- कलवावती देवी धर्मपत्नी श्री भंवरलाल शर्मा 7568806551

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/287
चूंकि प्रार्थी श्री राजू सैनी, बडोदिया तहसील चाकसू जिला जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास सुन्दरमन बाल विद्या शिक्षा संस्थान, बडोदिया तहसील चाकसू जिला जयपुर के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 19-05-2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 23/07/2025

मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

नाम परिवर्तन

मैं शिशराम ये घोषित करता हूँ कि मेरी माताजी का नाम जय कोडी है। उनके मृत्यु प्रमाण पत्र में तथा मेरे पिता जी की पॉलिसी में इनका नाम तीजा देवी है जो की गलत है एवं मेरे पिताजी ईश्वर लाल जो की मृत्यु प्रमाण पत्र में जय कोडी है ये तीनों व्यक्ति एक है। जिनका नाम जय कोडी है आधार में।

मैंने मेरा नाम अब्दुल रशीद पठान से बदलकर अब्दुल रशीद पुत्र श्री हमीद खान रख लिया है। भविष्य में मुझे अब्दुल रशीद के नाम से जाना जावे। पताः- 1085, गुलजार मस्जिद, चोकड़ी तोपखाना हुजूरी, घाटगेट, जयपुर।

मैंने अपना नाम Rashi से बदलकर Rashi Arora रख लिया है। भविष्य में मुझे Rashi Arora के नाम से जाना जाए। पता Rashi Arora बी-1004, अनुकंपा प्लेटिना, इस्कॉन रोड, मानसरोवर जयपुर

मैं नरेश भार्गव ने अपना नाम नरेश कुमार भार्गव पुत्र श्री राजेश्वर प्रसाद भार्गव रख लिया है। भविष्य में मुझे नरेश कुमार भार्गव नाम से जाना जाए। निवासी एस-250 महावीर नगर टोंक रोड जयपुर-302018 राजस्थान

मैं आर्मी नं. 16031009Y सिपाई नरेश यूनिट 17 राज रिफ (सवाईमान) है। मेरे सैन्य दस्तावेजों में मेरी माताजी का नाम "ओमवती", (Omwavit) जन्म दिनांक 08.07.1977है। जो कि गलत है। मेरी माताजी का सही नाम- "ओमवती" (Omavati) जन्म दिनांक 01.01.1976 है। जोकि सही और सत्य है

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री अब्दुल हफीज पुत्र श्री अलानूर एवं हसन बानो पत्नी श्री अब्दुल हफीज निवासी-3482, शेखावतो की छतरी, नाहरी का नाका, शास्त्री नगर, जयपुर, राजस्थान के है तथा अब्दुल हफीज की पूर्व पत्नी अबो से एक पुत्र मोहम्मद यासीन उर्फ कमल मेरे अभिभाष्य के कहे मे नही है मेरे अभिभाष्यगण का कहना नही मानता है जिस कारण मेरे अभिभाष्यगण ने अपने पुत्र को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्तियो से बेदखल कर दिया है। अब मेरे अभिभाष्य का अपने पुत्र मोहम्मद यासीन उर्फ कमल से कोई सम्बन्ध व सरोकार नहीं रहा है यदि कोई व्यक्ति इनसे किसी प्रकार का कोई लेन देन या संव्यवहार करता है तो उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी अभिभाष्या किसी प्रकार से उत्तरदायी नही होगी। सूचित रहें।
जयपुर (शहजाद हुसैन) एडवोकेट
दिनांक-17/4/25 मो.7976162071

श्री साधूमार्गी जैन श्रावक संस्थान जयपुर
आम सूचना
श्री साधूमार्गी जैन श्रावक संस्थान जयपुर को आयुक्त जोन-5, जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर द्वारा गायत्री नगर ए के सुविधा क्षेत्र में धर्मशाला, चिकित्सालय, स्थानक व प्रार्थना भवन इत्यादि का निर्माण एवं संचालन हेतु **आवासीय योजना के मध्य भूमि आवंटित की जा रही है।** गायत्री नगर के योजनाधारियों एवं जयपुर की आम जनता को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 30 मई 2025 तक अपनी आपत्ति आयुक्त जोन-5, जयपुर विकास प्राधिकरण जवाहरलाल नेहरू मार्ग, जयपुर को दर्ज करवा देवें।

राजस्थान राज्य सहकारी आवासन संघ लि.जयपुर
5वीं व 6ठीं मंजिल नेहरू सहकार भवन, 22 गोदाम सर्किल, जयपुर
Phone:0141-2741805, E-mail: rschfjaipur@yahoo.com
क्रमांक-39/25 दिनांक-19/05/2025
आम सूचना
संघ की आवासीय योजना केसरी चन्द चौधरी नगर, अजमेर रोड, जयपुर का भवन संख्या-4/61, श्रीमती उषा नागर पत्नि श्री सुधीर नागर को आवंटित किया गया था, जिसकी कन्वेंस डीड एवं परम्पूचल तीज जारी कर दि.25.03.2000 को रजिस्ट्री करवा दी गई थी। उक्त भवन को श्री राकेश कुमार खन्ना पुत्र श्री यू.डी.खन्ना ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र द्वारा दिनांक 17.05.2000 को क्रय कर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर स्वयं के नाम ट्रांसफर कराने हेतु निवेदन किया गया है। जिस किसी को उक्त भवन के हस्तांतरण पर आपत्ति हो तो संघ कार्यालय में 15 दिवस में प्रमाण सहित प्रस्तुत करे, अन्यथा भवन संख्या 4/61, केसरी चन्द चौधरी नगर, अजमेर रोड, जयपुर श्री राकेश कुमार खन्ना पुत्र श्री यू.डी.खन्ना के नाम हस्तांतरण कर दिया जावेगा।
(योगेश शर्मा) प्रबंध निदेशक

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि फॅर्म मै. ए एम इण्डस्ट्रीज, जी 1-513, औद्योगिक क्षेत्र भिवाड़ी तहसील टपूकड़ा जिला खैरथल-तिजारा एक पार्टनरशिप फॅर्म है। जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर 02/22/2016 है। उक्त फॅर्म में श्री अजय कुमार पुत्र श्री बलवन्त सिंह निवासी ग्राम चमधेरा पोस्ट बेरी तह.एवं जिला महेंद्रगढ़ , हरियाणा , श्री मुकेश कुमार पुत्र श्री ओम प्रकाश निवासी ग्राम सिलारपुरा पोस्ट कारोता तह. नारनौल जिला महेंद्रगढ़ , हरियाणा एवं श्री राजेश कुमार पुत्र ओम प्रकाश निवासी ग्राम सिलारपुरा पोस्ट कारोता तह. नारनौल जिला महेंद्रगढ़, हरियाणा पार्टनर है। पार्टनर श्री मुकेश कुमार ने दिनांक 12.5.2025 से स्वेच्छा से अपनी भागीदारी छोड़ दी है। फर्म मे अब अजय कुमार एवं राजेश कुमार दो पार्टनर रह गए है जिनकी भागीदारी क्रमशः 25 प्रतिशत एवं 75 प्रतिशत रहेगी। उक्त भागीदारी परिवर्तन में किसी को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में रजिस्ट्रार ऑफ फर्म्स, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, भिवाड़ी में अपनी आपत्ति दर्ज करवाएं।
- पार्टनर मै. ए एम इण्डस्ट्रीज

कार्यालय नगर निगम ग्रेटर जयपुर
(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर)
क्रमांक :- ज.स.अ./2025/68 दिनांक :- 19/05/2025
ई-निविदा सूचना क्रमांक :- 3/2025-26
OPERATION & MAINTENANCE OF 01 No's TRUCK MOUNTED ROAD SWEEPER MACHINE कार्य हेतु पंजीकृत फर्म्स से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, विस्तृत सूचना एवं शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट www.jaipurmc.org, www.sppp.raj.nic.in and www.eproc.rajasthan.gov.in पर स्टेट पब्लिक प्रोक्यूरमेन्ट के UBN No. JMC2526GSOB00541 पर देखी जा सकती है।
उपायुक्त (मैराज), नगर निगम ग्रेटर जयपुर
राज.संवाद/सी/25/2636

OFFICE THE GRAM PANCHAYAT DIVRALA PS-AJITGARH (SIKAR)
No.Eproc/2025-26/287 Date:- 15.05.2025
E-Tender Notice No. 03/2025-26
Bids for open tender of procurement Of Construction Material for Work in MGNREGA And Other Scheme in Gram Panchayat DIVRALA Panchayat Samiti AJITGARH (Sikar) are invited from Firms/Suppliers Registered Under the GST act 2017, 6.00 PM of 26-05-2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement Portal http://sppp.raj.nic.in and http://eproc.rajasthan.gov.in) of the state and at Gram Panchayat DIVRALA Office in all working days.
UBN:- PAJ2526GLRC00058
सरपंच ग्राम पंचायत दिवराला पं.स.अजतीगढ (सीकर) राज.
ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत दिवराला पं.स.अजतीगढ (सीकर) राज.

कार्यालय- विकास अधिकारी कम कार्यक्रम अधिकारी पंचायत समिति सेवर, (भरतपुर)
क्रमांकः- 109 दिनांकः-16-05-2025
ई-बोली आमन्त्रण सूचना 02/2025-26
इस कार्यालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राजीव गांधी सेवा केन्द्र एवं पंचायत समिति सेवर के भवनों की सुरक्षा हेतु जॉब बेसिस पर मानव संसाधन 27 की दर अनुबन्ध पर सेवा उपलब्ध करवाने हेतु विनि